# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 14/10/2024 |
| Exam Time | 9:00 AM - 11:00 AM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** एक विद्यालय में, 12 शिक्षकों का औसत वेतन ₹71,400 था। यदि शिक्षकों, प्रधानाचार्य और उप प्रधानाचार्य का औसत वेतन ₹89,500 था, तो प्रधानाचार्य और उप प्रधानाचार्य का औसत वेतन (₹ में) कितना था?

**Ans** A). 1,76,800 B). 1,98,100 C). 2,11,000 D). 1,18,900

**Correct Answer: B**

**Q.2** 68 और 91 के बीच स्थित अभाज्य संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 78 B). 77 C). 79 D). 76

**Correct Answer: C**

**Q.3** 5 वर्षों के लिए 6% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 710 B). 690 C). 790 D). 750

**Correct Answer: D**

**Q.4** क्रमशः 125 m और 175 m लंबी दो ट्रेनें एक ही दिशा में क्रमशः 40 km/h और 22 km/h की चाल से चल रही हैं। उन्हें एक दूसरे को पूरी तरह से पार करने में कितना समय लगेगा?

**Ans** A). $1\text{min}$ B). $12\frac{4}{5}$ sec C). $55\text{sec}$ D). $50\text{sec}$

**Correct Answer: A**

**Q.5** यदि 7 cm त्रिज्या के एक बड़े गोले से 2744 समरूप छोटे-छोटे गोले बनाए जाते हैं, तो प्रत्येक छोटे गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल क्या होगा?

**Ans** A). $4\pi\ cm^2$ B). $3\pi\ cm^2$ C). $2\pi\ cm^2$ D). $\pi\ cm^2$

**Correct Answer: D**

**Q.6** 5 + 32 ÷ 2 + 6 × 2.5 का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 36 B). 40 C). 34 D). 15

**Correct Answer: A**

**Q.7** 3 वर्षों के लिए 6% प्रति वर्ष की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 570 B). 670 C). 630 D). 590


**Correct Answer: C**

**Q.8** रमन ने 12% की एकल छूट के बाद एक मोबाइल फोन के लिए ₹18,656 का भुगतान किया। यदि रमन को 4% और 8% की क्रमिक छूटें दी जाती हैं, तो रमन कितना भुगतान करेगा?

**Ans** A). ₹18,723.84 B). ₹17,238.84 C). ₹13,728.84 D). ₹17,283.84

**Correct Answer: A**

**Q.9** दिया गया बार ग्राफ 2001-2002 से 2008-2009 तक एक कंपनी द्वारा किए गए लाभ (₹ लाख में) को दर्शाता है।




2005-06 में लाभ सम्पूर्ण अवधि के औसत लाभ का लगभग कितना प्रतिशत था?

**Ans** A). 124.24% B). 112.12% C). 121.21% D). 118.18% **Correct Answer: B**

**Q.10** एक बेईमान डीलर अपने माल को क्रय मूल्य पर बेचने का दावा करता है, लेकिन वह गलत वजन (false weight) का उपयोग करता है और इस प्रकार 15% का लाभ कमाता है। एक किलोग्राम के लिए वह ____ ग्राम के वजन का उपयोग करता है।

**Ans** A). 1130.43 B). 830.43 C). 869.57 D). 930.43 **Correct Answer: C**

**Q.11** 2 m × 4 m × 10 m आयामों वाले एक ठोस घनाभ को पिघलाकर 8 cm भुजा वाले छोटे-छोटे ठोस घन बनाए जाते हैं। ऐसे कितने घन बनाए जा सकते हैं?

**Ans** A). 1,58,250 B). 1,62,250 C). 1,60,000 D). 1,56,250 **Correct Answer: D**

**Q.12** तालिका में चार शहरों A, B, C और D द्वारा चार उत्पादों P, Q, R और S के उत्पादन का डेटा दिया गया है।

| City / Type of Product | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| P | 1500 | 1200 | 1100 | 1450 |
| Q | 1250 | 1400 | 1250 | 1500 |
| R | 1600 | 1150 | 1150 | 1300 |
| S | 1750 | 1050 | 1000 | 1250 |

संदर्भ: City = शहर, Type of Product = उत्पाद के प्रकार

सभी शहरों द्वारा किस उत्पाद का कुल उत्पादन सबसे अधिक है?

**Ans** A). R B). S C). Q D). P **Correct Answer: C**

**Q.13** एक निश्चित धनराशि पर 4 वर्षों के लिए 23% की वार्षिक दर पर साधारण ब्याज, उसी धनराशि पर 8 वर्षों के साधारण ब्याज से ₹11,960 कम है। धनराशि ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹12,000 B). ₹13,500 C). ₹13,000 D). ₹12,500 **Correct Answer: C**

**Q.14** यदि दो संख्याएं, तीसरी संख्या से क्रमशः 6.25% और 25% अधिक हैं, तो पहली संख्या, दूसरी संख्या की कितने प्रतिशत है?

**Ans** A). 85% B). 95% C). 90% D). 80% **Correct Answer: A**

**Q.15** यदि किसी वस्तु का क्रय मूल्य उसके विक्रय मूल्य का 75% है, तो लाभ प्रतिशत कितना है?

**Ans** A). $25\frac{1}{3}\%$ B). $33\frac{1}{3}\%$ C). 25% D). 33% **Correct Answer: B**

**Q.16** कागज की एक आयताकार शीट, जिसकी लंबाई 10π cm और चौड़ाई 5 cm है, को एक बेलन बनाने के लिए इसकी लंबाई (शीट की चौड़ाई बेलन की ऊंचाई बन जाती है) के अनुदिश घुमाया जाता है। बेलन की त्रिज्या क्या होगी?

**Ans** A). 6 cm    B). 5 cm    C). 2.5 cm    D). 10 cm    **Correct Answer: B**

**Q.17** एक मिश्रण में 8 kg ऐसी चाय है जिसका मूल्य ₹295 प्रति किलोग्राम है और 10 kg ऐसी चाय है जिसका मूल्य ₹250 प्रति किलोग्राम है। मिश्रण का प्रति किलोग्राम औसत मूल्य (₹ में) ____________है।

**Ans** A). 259.60    B). 273    C). 270    D). 250.70    **Correct Answer: C**

**Q.18** एक छात्रावास में लड़कों और लड़कियों की संख्या का अनुपात 5 : 7 है। यदि 40% लड़कों और 50% लड़कियों को उनकी पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति मिल रही है, तो छात्रावास के उन विद्यार्थियों का प्रतिशत क्या है जिन्हें कोई छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है?

**Ans** A). $35\frac{1}{7}\%$    B). $45\frac{1}{5}\%$    C). $59\frac{1}{8}\%$    D). $54\frac{1}{6}\%$    **Correct Answer: D**

**Q.19** 40 kg, 49 kg, 56 kg, 67 kg और 37 kg वजन के पांच सदस्यों वाले परिवार का औसत वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 49.8    B). 51.8    C). 48.8    D). 50.8    **Correct Answer: A**

**Q.20** एक नाव स्थिर जल में 28 km/h की चाल से यात्रा कर सकती है। यदि धारा की चाल 4 km/h है और यदि नाव धारा के अनुकूल 192 km की यात्रा करती है, वहां एक घंटे के लिए रुकती है और फिर प्रारंभिक बिंदु पर वापस आती है, तो नाव की औसत चाल (km/h में) क्या है?

**Ans** A). 24.8    B). 36.5    C). 25.6    D). 28.5    **Correct Answer: C**

## Section : **Reasoning Ability and Problem Solving**


**Q.1** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर HLQC एक निश्चित प्रकार से KOTF से संबंधित है। उसी तरह WTAN, ZWDQ से संबंधित है। उसी तर्क का पालन करते हुए, FXCM निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). HZEO    B). GZFQ    C). IAFP    D). IAEO    **Correct Answer: C**


**Q.2** एक निश्चित कूट भाषा में 'solve the puzzle' को 'sp di cy' लिखा जाता है और 'puzzle is tricky' को 'qp vt di' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'puzzle' को कैसे लिखा जाएगा?


**Ans** A). cy    B). di    C). qp    D). sp    **Correct Answer: B**


**Q.3** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

A). 


B). 

C). 


D). 


**Correct Answer: B**


**Q.4** कागज़ की एक वर्गाकार शीट को दर्शाई गई दिशाओं में बिंदुदार रेखा के अनुदिश क्रमशः मोड़ा जाता है और अंतिम बार मोड़ने के बाद फिर इसमें छेद किया जाता है। खोले जाने पर यह कागज़ कैसा दिखाई देगा?




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

---

**Q.5** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
**सभी कॉकटेल, मॉकटेल हैं।**
**कुछ कॉकटेल, जूस हैं।**


**निष्कर्ष (I): कुछ मॉकटेल, जूस हैं।**
**निष्कर्ष (II): कुछ जूस, कॉकटेल नहीं हैं।**

**Ans** A). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है। C). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं। D). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**Correct Answer: D**

---

**Q.6** यदि दर्पण को नीचे दिखाए गए अनुसार MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




**Ans** A).  B).  C).  D). 

**Correct Answer: C**

---

**Q.7** EJGL, अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से INKP से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार KPMR, OTQV से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NSPU निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). WRYT B). WRTY C). RWYT D). RWTY

**Correct Answer: D**

---

**Q.8** निम्नलिखित समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदला जाना चाहिए?


**36÷ 2 + 4× 8 −11× 3 + 28 = 49**

**(ध्यान दें: अदला-बदली पूरी संख्या की होनी चाहिए, न कि दी गई संख्या के अलग-अलग अंकों की।)**


**Ans** A). 36 और 28 B). 4 और 3 C). 2 और 4 D). 2 और 3


**Correct Answer: A**


**Q.9** विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और श्रृंखला को तार्किक रूप से पूरा कर सकती है।




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

---

**Q.10** एक निश्चित कूट भाषा में, 'spin fast slow' को 'mm nn oo' लिखा जाता है और 'fast skid slip' को 'nn rr tt' लिखा जाता है और 'slip slow jump' को 'rr mm zz' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'jump' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). rr B). mm C). zz D). nn

**Correct Answer: C**

---

**Q.11** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
**सभी गाजर, प्याज हैं।**
**कोई प्याज, टमाटर नहीं है।**

**निष्कर्ष:**
**(I) कोई गाजर, टमाटर नहीं है।**
**(II) सभी प्याज, गाजर हैं।**

**Ans** A). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है। B). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है। C). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है। D). निष्कर्ष I और II, दोनों अनुसरण करते हैं।

**Correct Answer: A**

---

**Q.12** A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। F, B के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। F, D के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। B, E के ठीक दाएँ बैठा है। A, E के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। A, G के ठीक दाएँ बैठा है। E के सापेक्ष में F का स्थान क्या है?

**Ans** A). ठीक दाएँ B). दाएँ से तीसरा C). बाएँ से दूसरा D). ठीक बाएँ

**Correct Answer: D**

---

**Q.13** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 3, 24 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 4, 60 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 6 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 230 B). 236 C). 210 D). 216

**Correct Answer: C**

---

**Q.14** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**(18, 3, 54)**
**(21, 4, 84)**

**Ans** A). (14, 2, 28) B). (3, 11, 53) C). (8, 7, 58) D). (4, 8, 39)

**Correct Answer: A**

---

**Q.15** दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**97, 88, 85, 76, 73, ?, 61**

**Ans** A). 72 B). 65 C). 70 D). 64

**Correct Answer: D**

**Q.16** एक निश्चित कूट भाषा में, 'train was late' को 'ch px zt' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'journey by train' को 'fk zt bu' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'train' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाता है?

**Ans** A). zt  B). px  C). ch  D). bu  **Correct Answer: A**

**Q.17** एक निश्चित कूट भाषा में, 'GULF' को '7391' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'FANS' को '2438' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'F' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 4  B). 2  C). 1  D). 3  **Correct Answer: D**

**Q.18** यदि '+' और '×' को आपस में बदल दिया जाए तथा '–' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

55 × 16 − 4 ÷7 + 3 = ?

**Ans** A). 28  B). 12  C). 38  D). 17  **Correct Answer: C**

**Q.19** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

RVQ, OSN, LPK, IMH, ?

**Ans** A). JEF  B). FJE  C). EJF  D). EFJ  **Correct Answer: B**

**Q.20** P, Q, R, S, T, U और V एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)।
T और U दोनों का निकटतम पड़ोसी P है।
S, P के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है।
R के निकटतम पड़ोसी U और Q हैं।
S, U का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
Q के ठीक बाएं कौन बैठा है?

**Ans** A). U  B). V  C). S  D). R  **Correct Answer: B**

Section : **General Awareness**

**Q.1** मई 2024 तक की स्थिति के अनुसार, भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची की संघ सूची में कितने विषय शामिल हैं?

**Ans** A). निन्यानवें  B). सौ  C). पिंच्यानवें  D). तैरानवें  **Correct Answer: B**

**Q.2** जुलाई 2023 में, त्रिभुवनेश्वर शरण सिंह देव (Tribhuvaneshwar Saran Singh Deo) को निम्नलिखित में से किस राज्य का उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया गया?

**Ans** A). पश्चिम बंगाल  B). छत्तीसगढ़  C). ओडिशा  D). झारखंड  **Correct Answer: B**

**Q.3** जोंक (Leech) निम्नलिखित में से किस संघ के अंतर्गत आती है?

**Ans** A). एनेलिडा (Annelida)  B). सीलेंटरेटा (Coelenterata)  C). प्लेटिहेल्मिन्थीज (Platyhelminthes)  D). नेमाटोडा (Nematoda)  **Correct Answer: A**

**Q.4** जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर स्थित सलाल बांध (Salal Dam) का मुख्य उद्देश्य क्या है?

**Ans** A). पेयजल (Drinking)  B). नेविगेशन (Navigation)  C). सिंचाई (Irrigation)  D). पनबिजली (Hydroelectricity)  **Correct Answer: D**

**Q.5** 2022 में कान्स रेड कार्पेट (Cannes red carpet) पर चलने (walk) वाले भारत के प्रथम लोक कलाकार कौन हैं?

**Ans** A). सर्वर खान  B). मामे खान  C). सरताज खान  D). स्वरुप खान  **Correct Answer: B**

**Q.6** बांग्लादेश का राजकीय धर्म (state religion) क्या है?

**Ans** A). ईसाई धर्म  B). इस्लाम  C). हिन्दू धर्म  D). बौद्ध धर्म  **Correct Answer: B**

**Q.7** निम्नलिखित में से किसे भारत में गांधीजी द्वारा सत्याग्रह का पहला प्रयोग माना जाता है?

**Ans** A). चंपारण  B). खेड़ा  C). अहमदाबाद  D). रॉलट सत्याग्रह  **Correct Answer: A**

**Q.8** भारोत्तोलन (weight lifting) में जब कोई एथलीट स्नैच (snatch) या क्लीन और जर्क (clean and jerk) में सभी तीन प्रयासों में चूक जाता है और कुल स्कोर करने में विफल रहता है, तो इसे __________ कहा जाता है।

**Ans** A). बॉम्बिंग-आउट (Bombing-out)  B). अटेंप्ट (Attempt)  C). डिलीवरी (Delivery)  D). टेक-ऑफ (Take-off)  **Correct Answer: A**

**Q.9** सोनल मानसिंह निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली की प्रसिद्ध कलाकार हैं?

Ans A). मोहिनीअट्टम B). मणिपुरी C). ओडिसी D). कथक

Correct Answer: C

**Q.10** वन्यजीव संरक्षण अधिनियम कब पारित किया गया था?

Ans A). 1955 B). 1972 C). 1951 D). 1980

Correct Answer: B

**Q.11** फल, सब्जियों और अनाज में पाए जाने वाले परिवर्तनशील फेनोलिक संरचनाओं (phenolic structures) वाले प्राकृतिक पदार्थों के समूह को क्या कहा जाता है?

Ans A). होपानोइड्स (Hopanoids) B). पेक्टिन्स (Pectins) C). फ्लेवोनोइड्स (Flavonoids) D). रेजिन्स (Resins)

Correct Answer: C

**Q.12** विहारों (Viharas) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?
a) विहारों में हॉल की दीवारों के चारों ओर एक बरामदा, कक्ष और हॉल होता है।
b) अजंता गुफा और नासिक गुफा, विहार वास्तुकला के महत्वपूर्ण भाग हैं।

Ans A). केवल a B). a और b, दोनों C). न तो a और न ही b D). केवल b

Correct Answer: B

**Q.13** निम्नलिखित में से किसने माइक्रोफाइनेंस (सूक्ष्म वित्त) के ग्रामीण मॉडल को बताया?

Ans A). डॉ. मनमोहन सिंह B). प्रो. मुहम्मद यूनुस C). प्रो. अमर्त्य सेन D). प्रो. अभिजीत बनर्जी

Correct Answer: B

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का एक पारंपरिक खेल है?

Ans A). वॉलीबॉल B). कबड्डी C). फुटबॉल D). बास्केटबॉल

Correct Answer: B

**Q.15** मुस्लिम कृषकों का एक संगठित विरोध, मोपला विद्रोह (Moplah Uprising) भारत के किस वर्तमान राज्य में हुआ?

Ans A). पंजाब B). तमिलनाडु C). बिहार D). केरल

Correct Answer: D

**Q.16** भवनाथ महादेव मेला (Bhavnath Mahadev fair) प्रतिवर्ष निम्नलिखित में से किस स्थान पर आयोजित किया जाता है?

Ans A). जूनागढ़ B). आगरा C). चेन्नई D). जबलपुर

Correct Answer: A

**Q.17** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता अनीता शर्मा ________ नृत्य शैली की प्रतिपादक हैं।

Ans A). सत्रिया B). मोहिनीअट्टम C). कथकली D). ओडिसी

Correct Answer: A

**Q.18** यदि प्रत्येक 4 ओम के चार प्रतिरोधक (resistances) समानांतर क्रम (parallel) में जुड़े हुए हैं, तो उनका प्रभावी प्रतिरोध क्या होगा?

Ans A). 16 ओम B). 4 ओम C). 10 ओम D). 1 ओम

Correct Answer: D

**Q.19** बिनीथ द सरफेस: माय स्टोरी (Beneath the Surface: My Story)' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?

Ans A). टाइगर वुड्स (Tiger Woods) B). मिल्खा सिंह (Milkha Singh) C). कोबे ब्राइट (Kobe Bright) D). माइकल फेल्प्स (Michael Phelps)

Correct Answer: D

**Q.20** 2001 की जनगणना के अनुसार, एक व्यक्ति को साक्षर कहे जाने की नियत आयु क्या है?

Ans A). 6 वर्ष B). 9 वर्ष C). 7 वर्ष D). 8 वर्ष

Correct Answer: C

**Q.21** _______ से निकलने वाली महानंदा नदी, गंगा की एक सहायक नदी है।

Ans A). कैमूर की पहाड़ियों B). नंदा देवी शिखर C). छोटा नागपुर पठार D). दार्जिलिंग की पहाड़ियों

Correct Answer: D

**Q.22** फरवरी 2023 में, पंजाब में उन सिख कैदियों के एक समूह को रिहा करने के लिए विरोध प्रदर्शन हुए, जो 1990 के दशक में पंजाब में आतंकवाद का सफाया होने के बाद से 30 से अधिक वर्षों से जेल में हैं। इन कैदियों को क्या कहा जाता है?

Ans A). खालसा टाइगर्स (Khalsa Tigers) B). बंदी सिंह्स (Bandi Singhs) C). बब्बर बंदिस (Babbar Bandis) D). कैदी सिख (Qaidi Sikhs)

Correct Answer: B

**Q.23** सक्रिय भ्रंश (active fault) का वह भाग जो अतीत में भूकंप उत्पन्न कर चुका है, लेकिन अब शांत है और माना जाता है कि भ्रंश खंड किसी अन्य आधार पर भूकंप उत्पन्न करने में सक्षम है, उसे क्या कहा जाता है?

Ans A). भूकंप केंद्र (Epicenter) B). भूकंपी तरंग (Seismic Wave) C). भूकंपी अंतराल (Seismic Gap) D). अवकेंद्र (Hypocenter)

Correct Answer: C

**Q.24** ऋग्वेदिक काल में 'सेनानी' निम्नलिखित में से कौन कहलाता था?

Ans A). कर अधिकारी B). जासूस C). युद्ध नायक D). पुजारी

Correct Answer: C

**Q.25** **निम्नलिखित में से कौन-सी हरिषेणाचार्य (Harisenacharya) की रचना है?**

**Ans** A). बृहतकथा कोश (Brihatkatha Kosh) B). लीलावती (Lilavati) C). बृहतकथा मंजरी (Brihat Katha Manjari) D). राजतरंगिणी (Rajatarangini)

**Correct Answer: A**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**Sushil, who recently joined our school / was awarded the Gold Cup / as he worked hardly / throughout the year.**

**Ans** A). Sushil, who recently joined our school B). was awarded the Gold Cup C). as he worked hardly D). throughout the year.

**Correct Answer: C**

**Q.2** **Select the most appropriate synonym of the given word.**

**Corroborate**

**Ans** A). Elaborate B). Contend C). Support D). Suggest

**Correct Answer: C**

**Q.3** **Recognise the sentence with the correct transitive verb form of break.**

**A. The cyclone broke the window.**
**B.The window broke.**
**C. The cyclone caused the breaking of window.**
**D.The cyclone caused the broken window.**

**Ans** A). A B). B C). C D). D

**Correct Answer: A**

**Q.4** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**Leisure activities are activities that people ___________ in during their free time while they are not working.**

**Ans** A). exempt B). evaluate C). engage D). encourage

**Correct Answer: C**

**Q.5** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**

**an open book**

**Ans** A). someone who gives advice based on theory not practice B). a person or thing that is easy to learn about and understand C). a helpful person D). a person of whom her mother is extremely proud

**Correct Answer: B**

**Q.6** **Identify the INCORRECTLY spelt word in the given sentence.**

**BBC Media has shown exponenteal growth in their revenue this year.**

**Ans** A). revenue B). year C). exponenteal D). media

**Correct Answer: C**

**Q.7** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Fantastic B). Expensive C). Damaged D). Forgetfull

**Correct Answer: D**

**Q.8** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**

**It is a common perception / that the rich sometimes / despise poor.**

**Ans** A). that the rich sometimes B). It is a common perception C). despise poor. D). No error

**Correct Answer: C**

**Q.9** **Select the option that has used the correct tense.**

**Ans** A). By the time we arrives at the party, they had been waiting for over an hour.
B). By the time we arrive at the party, they had been waiting for over an hour.
C). By the time we arrived at the party, they had been waiting for over an hour.
D). By the time we arriving at the party, they had been waiting for over an hour.

**Correct Answer: C**

**Q.10** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Searing**

**Ans** A). Mocking B). Freezing C). Pressing D). Thrilling

**Correct Answer: B**

**Q.11** **Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.**
**I have never seen so beautiful a landscape than this one.**

**Ans** A). than this one B). so beautiful C). a landscape D). I have never seen

**Correct Answer: A**

**Q.12** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**Prem is an excellent chess player. He is the _______ student of the class too.**

**Ans** A). intelligent B). intelligently C). more intelligent D). most intelligent

**Correct Answer: D**

**Q.13** **Select the most appropriate synonym of the word in bold in the given sentence.**
**He was so *enraged* at the article about him that he sued the newspaper.**

**Ans** A). Generated B). Angered C). Determined D). Enhanced

**Correct Answer: B**

**Q.14** **Select the most appropriate idiom that can substitute the underlined words in the given sentence.**

**His sudden resignation left the company <u>in a very difficult situation and to have to make a hard decision</u> as they scrambled to find a replacement.**

**Ans** A). with a silver lining B). between a rock and a hard place C). on cloud nine D). in the dark

**Correct Answer: B**

**Q.15** **Select the correct spelling of the underlined word in the given sentence.**

**The weather was <u>absolutley</u> perfect for the outdoor event.**

**Ans** A). absolutly B). absoultely C). absoluttley D). absolutely

**Correct Answer: D**

**Q.16** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**A post without any remuneration**

**Ans** A). Bigot B). Illegible C). Honorary D). Effeminate

**Correct Answer: C**

**Q.17** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**Meticulous**

**Ans** A). Persevering B). Exemplary C). Regardless D). Determined

**Correct Answer: C**

**Q.18** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given phrase.**
**Belonging or pertaining to an individual from birth**

**Ans** A). Congenial B). Congruent C). Congregational D). Congenital

**Correct Answer: D**

**Q.19** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Boisterous**

**Ans** A). Quiet B). Noisy C). Benevolent D). Buoyant

**Correct Answer: A**

**Q.20** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the highlighted group of words in the given sentence.**

**The minister went to visit the monuments set up for people who were buried in other countries.**

**Ans** A). cemetery B). cenotaphs C). coffins D). graves

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Though people are becoming health-conscious these days, (1)_________ simple lifestyle habits they are prone to fatal diseases. (2)_________ a new study published in 'The Journal of the American College of Cardiology', (3)_________ food more sparingly is linked to a lower risk of heart disease, heart failure , and ischemic heart disease. A significant risk factor for cardiovascular disease, high blood pressure, is demonstrated to be correlated (4)_________ high sodium intake. As per the research, a person's individual sodium intake over time may be predicted by how (5)_____ they salt their food. It is found that people who do not put a little additional salt to their food very often had a much lower risk of heart disease event regardless of lifestyle factors and pre-existing disease.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). for B). because C). because of D). but

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Though people are becoming health-conscious these days, (1)________ simple lifestyle habits they are prone to fatal diseases. (2)________ a new study published in 'The Journal of the American College of Cardiology', (3)________ food more sparingly is linked to a lower risk of heart disease, heart failure , and ischemic heart disease. A significant risk factor for cardiovascular disease, high blood pressure, is demonstrated to be correlated (4)________ high sodium intake. As per the research, a person's individual sodium intake over time may be predicted by how (5)____ they salt their food. It is found that people who do not put a little additional salt to their food very often had a much lower risk of heart disease event regardless of lifestyle factors and pre-existing disease.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). According to | B). According with | C). Accordingly | D). In according with

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Though people are becoming health-conscious these days, (1)________ simple lifestyle habits they are prone to fatal diseases. (2)________ a new study published in 'The Journal of the American College of Cardiology', (3)________ food more sparingly is linked to a lower risk of heart disease, heart failure , and ischemic heart disease. A significant risk factor for cardiovascular disease, high blood pressure, is demonstrated to be correlated (4)________ high sodium intake. As per the research, a person's individual sodium intake over time may be predicted by how (5)____ they salt their food. It is found that people who do not put a little additional salt to their food very often had a much lower risk of heart disease event regardless of lifestyle factors and pre-existing disease.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). salting | B). salt with | C). salt | D). salted

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Though people are becoming health-conscious these days, (1)________ simple lifestyle habits they are prone to fatal diseases. (2)________ a new study published in 'The Journal of the American College of Cardiology', (3)________ food more sparingly is linked to a lower risk of heart disease, heart failure , and ischemic heart disease. A significant risk factor for cardiovascular disease, high blood pressure, is demonstrated to be correlated (4)________ high sodium intake. As per the research, a person's individual sodium intake over time may be predicted by how (5)____ they salt their food. It is found that people who do not put a little additional salt to their food very often had a much lower risk of heart disease event regardless of lifestyle factors and pre-existing disease.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). of | B). with | C). for | D). in

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Though people are becoming health-conscious these days, (1)________ simple lifestyle habits they are prone to fatal diseases. (2)________ a new study published in 'The Journal of the American College of Cardiology', (3)________ food more sparingly is linked to a lower risk of heart disease, heart failure , and ischemic heart disease. A significant risk factor for cardiovascular disease, high blood pressure, is demonstrated to be correlated (4)________ high sodium intake. As per the research, a person's individual sodium intake over time may be predicted by how (5)____ they salt their food. It is found that people who do not put a little additional salt to their food very often had a much lower risk of heart disease event regardless of lifestyle factors and pre-existing disease.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). hefty | B). soundly | C). burly | D). frequently

**Correct Answer: D**